Sri Basava Seva Samiti(R) Ilkal

SRI BASAVA PUBLIC SCHOOL, ILKAL

शब्द और पद

Scanned with CamScanner

शब्द

वर्णों या अक्षरों का ऐसा समूह जिसका अर्थ हो, उसे 'शब्द' कहते हैं।

अथवा

कोई अर्थवान वर्ण समूह स्वतंत्र रूप से प्रयुक्त होता है, उसे 'शब्द' कहते हैं।

जैसे:

क म ल = कमल

न म क = नमक

क ल म = कलम

क म न = कमन ✖

शब्द स्वतंत्र होते हैं, ये 'शब्दकोष' में पाए जाते हैं।

Scanned with CamScanner

पद

जब कोई शब्द वाक्य में प्रयुक्त होता है तो वह स्वतंत्र नहीं रहता वह अन्य शब्दों (पदों) से संबंधित हो जाता है। उसे में विभिन्न विभक्तियाँ लग जाती हैं। तब वह 'पद' कहलाता है।

जैसे:

लड़का रो रहा है।

लड़के ने अध्यापक से शिकायत की।

अध्यापक ने लड़कों को डांटा।

पद स्वतंत्र नहीं होते, ये 'शब्दकोष' में भी नहीं पाए जाते।

Scanned with CamScanner

शब्द व पद में अंतर

शब्द

1. वाक्य से परे शब्द 'शब्द' होता है।
2. शब्द 'शब्दकोष' में पाए जाते हैं।
3. शब्द पर व्याकरण के नियम लागू नहीं होते।
4. उदाहरण:

   बालक, कमल आदि।

पद

1. वाक्य में प्रयुक्त शब्द 'पद' होता है।
2. पद वाक्य में और भाषा में पाए जाते हैं।
3. पद पर व्याकरण के नियम लागू होता है।
4. उदाहरण:

   बालक मेहनत करता है।

   कमल पाठशाला जाता है।

Scanned with CamScanner